## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** करीब 2 साल पहले पुलिस स्टेशन कोसली में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 10 अगस्त 2022 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया था। पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी निवासी मुकेश को काबू किया है। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पंचायती कुएं से बिजली की केबल चोरी

**जाटूसाना।** मोतला खुर्द में चोर एक कुएं से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में लक्ष्मीनारायण ने बताया कि उसने पंचायती ट्यूबवेल खेती करने के लिए पट्टे पर लिया हुआ है। मोटर जल जाने के कारण कुएं से बाहर निकाली हुई थी। उसकी केबल को कुएं पर बने कमरे की छत पर रखा हुआ था। मौका पाकर चोर केबल चोरी कर ले गए।

### हत्या प्रयास के मामले में एक और गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने हत्या के प्रयास व मारपीट मामले में एक और आरोप को काबू किया है। नाहड़ में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने गत वर्ष 28 अक्टूबर को कई लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने कुछ आरोपियों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में नाहड़ निवासी जितेंद्र को काबू किया गया है। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सुठाना गांव से कंपनी कर्मचारी लापता

**बावल।** सुठाना में किराए के मकान में रह रहा एक कंपनी कर्मचारी लापता हो गया। पुलिस शिकायत में बिहार के बाजोपरु निवासी ओम कुमार सिन्हा ने बताया कि उसका भाई बावल आईएमटी में एक कंपनी में कार्यरत है। सुठाना में किराए के कमरे में रह रहा है। तीन दिन से उसका भाई लापता है। फोन करने पर वह मोबाइल अटैंड नहीं कर रहा है। पुलिस ने उसकी शिकयत शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** मालपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने 26 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने मालपुरा निवासी दीपक शर्मा को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। पुलिस मामले के दूसरे आरोपियों की तलाश कर रही है।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर 13 मई को एक आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने सामान्य अस्पताल से महिला का मेडिकल कराया था। इस मामले में पुलिस ने एक मोहल्ला निवासी बबलू को गिरफ्तार कर लिया।

### स्कॉर्पियो की चपेट में आकर वृद्धा घायल

**रेवाड़ी।** रामपुरा में पैदल अपने घर जा रही एक 75 वर्षीय महिला स्कॉर्पियो गाड़ी की चपेट में आकर घायल हो गई। पुलिस शिकायत में राव तुलाराम निवासी दानकौर ने बताया कि वह रामपुरा आश्रम से अपने घर की ओर पैदल जा रही थी। कुछ दूर चलने के बाद एक स्कॉर्पियो ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।


### परिवहन निदेशालय ने सभी रोडवेज जीएम को जारी किए आदेश

# रोडवेज में लंबे समय से कर रहे आराम की नौकरी अब रूटों पर नजर आएंगे चालक-परिचालक

■ तीन साल में 500 किलोमीटर नहीं चलने वाले चालकों का ब्योरा मांग

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बस स्टैंड में खड़ी हुई हरियाणा रोडवेज, परिवहन निदेशालय की ओर से जारी किया गया लेटर। फोटो :हरिभूमि

परिवहन विभाग में भाई-भतीजावाद, नेतागिरी और राजनीतिक संरक्षण के चलते रूटों पर चलने की बजाय ऑफिस में आराम फरमाने वाले चालक-परिचालकों को अब हर हाल में रूटों पर चलना होगा। परिवहन निदेशालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के सभी जीएम को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। निदेशालय ने उन चालकों का ब्योरा भी एक सप्ताह में मुख्यालय को भेजने के आदेश दिए हैं, जो तीन साल की अवधि के दौरान महज 500 किलोमीटर भी बसों को नहीं दौड़ा पाए।

विभाग में ड्यूटी को लेकर एक ओर जहां भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर राजनीतिक पहुंच वाले चालक-परिचालक विभाग के कार्यालयों में कुर्सियों पर आराम फरमाना पसंद करते हैं। यूनियन लीडर खासतौर पर रूटों पर चलने से बचते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डिपो में इस समय लगभग 50 ऐसे चालक और 15 से अधिक परिचालक हैं, जिन्हें रूटों पर नहीं चलाया जा रहा। सिफारिश के आधार पर इनकी ड्यूटियां डिपो के विभिन्न सेक्शन में लगाई हुई हैं। परिणाम यह है कि सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके चालक-परिचालक रूटों पर चल रहे हैं, जबकि जूनियर चालक-परिचालक ऑफिसों में मौज ले रहे हैं। पूर्व में निदेशालय के आदेशानुसार एक बार बड़ी संख्या में ऐसे चालक-परिचालक ऑन रूट कर दिए गए थे, परंतु सिफारिश के चलते धीरे-धीरे उनकी वापसी हो गई। इन चालक-परिचालकों को विभिन्न ब्रांचों में रखा हुआ है। इसके पीछे उन्हें कंप्यूटर व ऑफिस वर्क की जानकारी होने का तर्क दिया जाता है, लेकिन अब यह सिलसिला ज्यादा नहीं चलने वाला है। निदेशालय की ओर से पत्र जारी करते हुए सभी जीएम से तत्काल ऐसे चालक-परिचालकों को ऑन रूट करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने का पत्र जारी किया गया है। अगर किसी चालक या परिचालक को ऑफिस ड्यूटी पर रखा जाता है, तो संबंधित जीएम को उसके पीछे ठोस तर्क प्रस्तुत करना होगा।

### एक दशक से रूटों पर नजर नहीं आए

डिपो में ऐसे कर्मचारियों की संख्या भी कम नहीं है, जो विभाग में नौकरी करने के बाद शायद ही कभी बसों को चलाते हुए नजर आए हों। एक दशक से रूटों पर चलने की बजाय ब्रांचों में बैठने वाले प्रभावशाली चालकों की संख्या भी कम नहीं है। जब भी ऐसे परिचालकों या चालकों को ऑन रूट करने के आदेश जारी होते हैं, किसी न किसी बहाने उन्हें वहीं रोक दिया जाता है या फिस ब्रांच चेंज कर दी जाती है। सूत्रों के अनुसार 500 किलोमीटर भी बस नहीं दौड़ाने वाले चालकों की संख्या भी लगभग डेढ़ दर्जन है।

### पूर्व में जारी किए गए आदेश निरस्त

निदेशालय की ओर से जारी पत्र क्रमांक 4535/टीआई-6 में जारी आदेशों के अनुसार निदेशालय की ओर से 3 नवंबर 2013 को तथा इससे पूर्व जारी किए गए सभी पत्रों में अन्य ड्यूटियों पर चालक-परिचालक लगाने के जो आदेश जारी किए गए थे, उन्हें अब निरस्त कर दिया गया है।

यह विभागीय हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। अब खास परिस्थितियों और राजस्व संबंधी कारणों के चलते जहां जरूरी होगा, वहीं इन चालक-परिचालकों को रखा जाएगा। अन्यथा सभी को रूटों पर चलाना प्राथमिकता होगा।

### पत्र में इस तरह से जारी किए गए आदेश

- चालक-परिचालकों से मार्ग ड्यूटी का कार्य लिया जाना डिपो महाप्रबन्धक की जिम्मेवारी है।
- चालक-परिचालकों को यथासंभव मार्ग ड्यूटी पर ही लगाया जाए।
- जिस डिपो में चालक-परिचालकों की कमी है, वहां उन्हें अन्य ड्यूटी पर नहीं लगाया जाए।
- चालकों को कार्यदक्षता के बावजूद भी अन्य ड्यूटी पर नियुक्त न किया जाए।
- अन्य ड्यूटी पर किसी भी चालक को उसी स्थिति में लगाया जाए, जब वह शरीरिक रूप से फिट नहीं हो।
- जिन डिपो में इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर कम हैं, तो अन्य ड्यूटियों पर इन कर्मचारियों को लगाया जा सकता है।

### हटेंगे एक साल से ज्यादा ड्यूटी करने वाले

सभी चालक-परिचालक जिन्हें एक साल से अधिक अन्य ड्यूटियों पर हो गया है, उन्हें तुरन्त प्रभाव से मार्ग ड्यूटियों पर लगाया जाए। किसी कर्मचारी ऑन रूट करने से डिपो की कार्य क्षमता प्रभावित होने कीआशंका है, तो स्पष्ट केस बनाकर मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। गत 6 माह से अधिक स्टैंड ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारियों को मार्ग ड्युटी परतुरन्त लगाया जाए।सभी जीएम अन्य ड्यूटियों पर कार्यरत कर्मचारियों की सूचना तर्कसंगतता सहित मुख्यालय की यातायात शाखा को भेजें।रूट पर चलने वाले चालक-परिचालकों के किमी हर माह मुख्यालय को भेजेआएं। कम किमी तय करने वालों की स्थिति स्पष्ट करें। तीन दिन में भेजनी होगी रिपोर्टगत तीन वर्ष से जिन चालकों ने 500 किलोमीटर भी रूट ड्यूटी नहीं की, उनका ब्योरा तीन दिन के अंदर मुख्यालय को भेजा जाए। डिपो में ऐसे चालकों की संख्या भी काफी है, जो पांच सौ किलोमीटर पूरे करने की श्रेणी में नहीं आते। अब इन चालकों को जल्द रूटों की ओर रुख करना पड़ सकता है।

# महिला के लाखों रुपये के आभूषण चोरी, युवक के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने नया बाजार में एक महिला के लाखों रुपये चोरी करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस बयान में रेशमा ने बताया कि उसकी नया बाजार में दुकान में है। अपने बच्चों के साथ दुकान के ऊपर मकान में रहती है। वह अपनी बहन की लड़की की शादी में जेवर पहनकर गई थी। वापस आने के बाद उसने दो सोने के कड़े, दो टॉप्स, एक सोने की चेन व एक लॉकेट घर में ही रख दिए थे। उसके जेवर चोरी हो गए। महिला ने आरोप लगाया कि दुकान पर कुलदीप नाम का युवक हेल्प कराने के लिए आता था। वह दुकान के ऊपर मकान में भी जाता रहता था। उसकी हरकतों से पता चला है कि जेवर उसी ने चोरी किए हैं। नए मोबाइल और कपड़े खरीदता है, उसके पास आय के साधन नहीं हैं।

### पशुपालकों को निशाना बना रहे चोर लगातार बढ़ रही चोरी की वारदात

**रेवाड़ी।** जिले में पशु चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। तीन दिन में चोर तीन भैंस सहित एक दर्जन से अधिक पशु चोरी कर चुके हैं। पुलिस पशु चोरों पर शिकंजा नहीं कस पा रही है। भटसाना में चोर रात के समय 9 बकरी चोरी कर ले गए। धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि वह खेती के साथ बकरी पालन का कार्य भी करता है। उसकी बकरियां मकान के बाहर बंधी हुई थी। सुबह के समय वह उठा तो 6 बकरी, 1 बकरा और 2 बकरी के बच्चे गायब मिले। आसपास पता करने के बाद भी बकरियों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी। इससे पूर्व भी तीन दिन में पशु चोरी की कई वारदात हो चुकी हैं, परंतु पुलिस अभी तक चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

# अभी टेंडर में अटकी नालों की सफाई

■ मानसून आने पर लोगों को परेशान करेगा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

नगरपालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह ने शुक्रवार को बरसात से पहले जल निकासी को दुरुस्त कराने के लिए नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने नपा अधिकारियों को मानसून से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। चेयरमैन ने धारूहेड़ा के सोहना रोड व बास रोड पर बने नालों का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने कहा कि बरसात को देखते हुए कस्बे में जल निकासी के लिए सभी प्रमुख नालों की सफाई के लिए जल्द अभियान शुरू किया जाएगा। इस दौरान नगर पार्षद भी मौजूद थे।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में गंदगी से भरा हुआ बरसाती नाला, गंदगी से भरे नाले का निरीक्षण करते हुए नपा चेयरमैन। फोटो :हरिभूमि

जून माह के अंत तक मानसून आने की पूरी संभावना है, लेकिन नालों की सफाई की प्रक्रिया अभी तक टेंडर से आगे नहीं बढ़ सकी है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद ही नालों की सफाई का काम शुरू होगा। इसमें एक सप्ताह लग सकता हैं। वर्कऑर्डर के बाद काम पूरा कराने के लिए ठेकेदार को 30 दिन का समय दिया जाता है। लोगों का कहना है कि आधे जून से मानसून के सक्रिय होने के आसार हैं। इससे पहले नालों की सफाई कराना किसी चुनौती से कम नहीं है। टेंडर कराने के लिए नगरपालिका पहले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का हवाला देता रहा। इसके बाद में प्रक्रिया शुरू की गई। बरसात से पहले नालों की सफाई पूरी नहीं हुई तो लोगों को जलभराव की स्थिति से जूझना पडेगा।

# चरवाहे के साथ जमकर मारपीट, दस पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

चिताडूंगरा में एक भेड़ चराने पर लगभग 10 लोगों ने हमला करते हुए जमकर मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन सोमपाल ने बताया कि वह भेड़-बकरियां चराकर अपना गुजारा करता है। वीरवार सुबह वह भेड़ चराने के लिए जंगल की ओर निकल गया था। जंगलों में गांव का ही छोटा अपने साथ आठ-दस लोगों को लेकर वहां पहुंच गया। इन लोगों ने बिना किसी कारण उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। भेड़ लूटने के इरादे से उसके साथ मारपीट की। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पास में ही किसी दूसरे भेड़ चराने वाले ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# कबाड़ी से फोन व नकदी छीनने का एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने एक कबाड़ी से नकदी व मोबाइल फोन छीनने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यूपी के अनुरूधपुर निवासी इकबाल ने 9 जुलाई 2021 को थाना मॉडल टाउन पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह फेरी लगाकर कबाड़ का सामान बेचता है। वह विजय नगर में रह रहा है। जब वह विजय नगर की ओर जा रहा था कि एक युवक ने उसे कबाड़ का सामान देने के बहाने रोक लिया। इसी दौरान बाइक पर तीन युवक और आ गए। इन लोगों ने उससे 5 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी सागर व दीपक, वाल्मीकि बस्ती निवासी रवि उर्फ गोली व दुर्गा कॉलोनी निवासी नितेश को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले के एक और आरोपी धारूहेड़ा चुंगी निवासी पुनीत उर्फ धारे को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कार की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल

■ दोनों को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

काकोड़िया के निकट कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बिहार के चकवारा उफ्रोल निवासी रोशन कुमार राय ने बताया कि वह विजय नगर में किराए के मकान में रहता है। समस्तीपुर निवासी अनर्जीत के साथ वह बाइक पर जैतपुर गया था। वहां से लौटते समय जब वह काकोड़िया के निकट पहुंचे, तो तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। वह दोनों सड़क पर गिर गए।

उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में दाखिल कराया। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

**मौसम** — नौतपा खत्म होने के दो दिन पहले बढ़ा गर्मी का प्रकोप, रात के तापमान गिरावट से कुछ मिली राहत

# मामूली राहत के बाद फिर चढ़ा पारा, आज से मौसम में बदलाव की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। शुक्रवार को भीषण गर्मी में सरकुलर रोड से गुजरती छात्राएं, गर्मी में मुंह पर पानी डालता ऑटो चालक, गर्मी में स्पार्किंग होने से ट्रांसफार्मर के पास कचरे में लगी आग।

नौतपा शुरू होने के छठे दिन भी भयंकर गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। एक दिन पूर्व तापमान में आई मामूली कमी दूर हो गई। इस बार गर्मी ने लोगों का जीना हराम किया हुआ है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जून माह के शुरू में आसमान में बादल और कुछ इलाकों में बौछारें गिरने से तापमान में गिरावट आ सकती है, जो लोगों को लू के भारी प्रकोप से राहत देने का काम कर सकती है। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे, परंतु सूर्योदय के साथ ही आसमान साफ हो गया। सुबह 9 बजे के बाद गर्म हवाओं का चलना शुरू हो गया। सुबह के समय 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर एक बार फिर 47 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस कम होकर 28 डिग्री पर आ गया। दो दिन से शाम के समय आसमान में घने बादल छा रहे हैं, लेकिन बूंदाबांदी किए बिना ही बादल साफ हो रहे हैं। गत वर्ष मई माह के अंत तक तापमान 40 डिग्री से नीचे चल रहा था, जबकि इस बार तापमान काफी बढ़ा हुआ है। भारी गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। हीटवेव के कारण हीट स्ट्रोक की आशंका भी बनी हुई है। शाम पांच बजे तक लू का प्रकोप इस कद बना रहता है कि लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। कूलर और एसी की हवा भी ठंडी महसूस नहीं हो रही है। बाजार से लेकर सड़कों तक पर दोपहर के समय सन्नाटा छाया रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी दोपहर के समय लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। लंबे समय बाद लोगों को इतनी भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

### एक सप्ताह से भारी गर्मी ने किया बेहाल

नौतपा गत 25 मई से शुरू हो गया था। इसके अगले ही दिन तापमान पहली बार 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। लू के थपेड़ों का प्रभाव बढ़ना शुरू हो गया था। उसके बाद से ही तापमान उतार-चढ़ाव के बावजूद 46 डिग्री से नीचे नहीं आया है। गत बुधवार को अधिकतम तापमान सर्वोच्च 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ रहा है।

### आज से करवट ले सकता है मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार से आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में बौछारें भी गिर सकती हैं। यह सिलसिला अगले दो-तीन दिन तक चल सकता है। इस दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है, जो हीटवेव का प्रकोप कुछ हद तक कम कर सकती है। इस समय किसान बरसात की उम्मीद के साथ बादलों पर टकटकी लगाए हुए हैं। अगर बरसात होती है, तो बाजरे की बिजाई में मदद मिलेगी।



धरती पर चींटी एक ऐसा जीव है जो अपनी जिंदगी में कभी भी आराम नहीं करती है।



एक मादा मच्छर ही डंक मारती है, नर मच्छर कभी भी नहीं काटता, वह केवल पेड़ पौधों का रस पीता है।

# हिंदी भाषा को पसंद करते हैं तो इन क्षेत्रों में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

प्राकृतिक तरीकों से शरीर को स्वस्थ रखने की मिलती जानकारी

# बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस में कोर्स कर चमकाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में पढ़ाई के क्षेत्र में लोग अलग-अलग प्रकार की डिग्री व डिप्लोमा लेकर अपने करियर को सक्सेस बनाने के होड़ में लगे हुए हैं। व्यक्ति अपने जिंदगी को सफल बनाने के लिए कई प्रकार के प्रयास करता है और जिंदगी में आने वाली अनगिनत परेशानियों की वजह से लाखों लोग तनावग्रस्त भी हो जाते हैं। पढ़ाई के क्षेत्र में बहुत सारे डिग्री व डिप्लोमा कोर्स मौजूद हैं। जिनके माध्यम से आप अपने कैरियर को बेहतर बना सकते हैं। बीएनवाईएस कोर्स जो बीमारियों से बचने और हानिकारक दवाओं का प्रयोग कैसे करना है। साथ ही साथ प्राकृतिक तरीकों से शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में संपूर्ण ज्ञान का खजाना है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीएनवाईएस कोर्स क्या होता है। बीएनवाईएस कोर्स के बारे में पूरी जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



## क्या है कोर्स

बीएनवाईएस कोर्स जो शरीर के लिए प्राकृतिक तरीकों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में विद्यार्थियों को पढ़ाया जाने वाला एक अद्भुत ज्ञान है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी बीमारियों से बचने की कला सीख सकता है साथ ही साथ यदि बीमार हो भी जाता है। तो उसे प्राकृतिक तरीकों के माध्यम से किस प्रकार से स्वस्थ किया जा सकता है इसके बारे में पढ़ाया जाता है। बीएनवाईएस कोर्स योगिक विज्ञान से संबंधित पूरी शिक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करवाता है। आधुनिक युग में योगिक विज्ञान का बहुत ही ज्यादा महत्व रहता है। क्योंकि आज की व्यस्त दुनिया में लोग अपने शरीर का ध्यान नहीं रख पाते हैं। जिसकी वजह से लोगों को दिन प्रतिदिन किसी न किसी बीमारी का सामना करना पड़ता है और एलोपैथिक की दवाइयां खाने से बीमारी ठीक होने के साथ-साथ कई प्रकार के साइड इफेक्ट भी हो जाते हैं। जिसके चलते आदमी और अधिक कमजोर हो जाता है।

## युवाओं का भी बढ़ रहा रुझान



### क्या है फुल फोर्म

इस बीएनवाईएस कोर्स को पूरा करने के बाद यानी कि यह कोर्स जब विद्यार्थी कंप्लीट कर लेता है। तो विद्यार्थी स्टूडेंट के करियर को खत्म करके योगा प्रशिक्षण फिजियोथैरेपिस्ट और प्राकृतिक चिकित्सा के तौर पर अपना करियर बना सकता है। बी एन वाई एस कोर्स के बारे में और अधिक महत्वपूर्ण जानकारी नीचे प्रदान कराई जा रही है। बीएनवाईएस का फुल फोर्म यानी पूरा नाम बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस है। और सामान्य शब्दों में इसका अर्थ प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान होता है। योगिक विज्ञान और प्राकृतिक चिकित्सा के तहत बैचलर की डिग्री प्राप्त करके इस तरह तक कंप्लीट करना विद्यार्थियों के लिए भविष्य में एक सुनहरा अवसर हो सकता है विद्यार्थी फिजियोथैरेपी या योग प्रशिक्षक के तौर पर अपने करियर को सुरक्षित और सफल बना सकते हैं।

### जरूरी योग्यता

- विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है विद्यार्थी का 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के पास करना भी जरूरी है।
- जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं। उन विद्यार्थियों के विषय वर्ग में जीव विज्ञान का होना अनिवार्य है।
- विद्यार्थियों के लिए 12 वीं कक्षा के लिए न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य किए गए हैं कॉलेज में 45% अंक वाले विद्यार्थियों को भी बीएनवाईएस कोर्स के लिए योग्य माना जा रहा है।
- बीएनवाईएस डिग्री के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी उम्र 17 वर्ष से लेकर 25 वर्ष के बीच होना अनिवार्य रखा गया है।
- कुछ कॉलेजों में 12वीं कक्षा के नंबर के आधार पर मेरिट निकाली जाती है और ज्यादा नंबर वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में चयन मिलता है।
- एडमिशन के लिए विद्यार्थी को प्रवेश परीक्षा पास करना अनिवार्य रखा गया है।
- जो विद्यार्थी बी एन वाई एस कोर्स में दाखिला लेना चाहता है वह विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक तौर से पूरी तरह से स्वस्थ होना चाहिए।

### फीस

बी एन वाई एस सपोर्ट करने के लिए फीस कितनी लगेगी। इसके बारे में यदि हम बात करें तो सरकारी कॉलेज में यदि आप प्रवेश परीक्षा के जरिए शामिल होते हैं। तो आपको 15000 से लेकर 40000 तक की प्रति वर्ष फीस जमा करवानी होगी। लेकिन यदि आप प्राइवेट कॉलेज में दाखिला लेते हैं तो यहां की का कोई परफेक्ट आंकड़ा नहीं बताया जा सकता है। प्राइवेट कॉलेज की फीस कॉलेज पर निर्भर करती है। अनुमानित फीस 50000 से लेकर 300000 प्रति वर्ष हो सकती है।



### आवेदन प्रक्रिया

- सर्वप्रथम विद्यार्थी को मान्यता प्राप्त विद्यालय से 12वीं कक्षा पास करनी है।
- उसके पश्चात विद्यार्थी को बीएनवाईएस कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में अपना आवेदन लगाना है।
- प्रवेश परीक्षा में आवेदन लगाने के पश्चात आपको सिलेबस के आधार पर प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हुए प्रवेश परीक्षा को पास करना है।
- प्रवेश परीक्षा में पास होने के बाद आप की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और उस में विद्यार्थियों का नाम उपलब्ध होगा जो विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं और सामने विद्यार्थियों को कौन सा कॉलेज मिला है।
- उसकी जानकारी दी जाएगी कई कॉलेज में सिर्फ बारहवीं कक्षा के प्राप्तांक के आधार पर ही मेरिट लिस्ट की घोषणा की जाती है और इस कोर्स के लिए दाखिला दे दिया जाता है।
- यह कोर्स करने के लिए विद्यार्थियों को 4 वर्ष और 6 महीने का समय लगता है।
- उसके पश्चात विद्यार्थी को 1 साल तक इंटरशिप के तौर पर प्रशिक्षण का अनुभव लेना होता है।
- बीएनवाईएस कोर्स करने के लिए विद्यार्थी को कुल 5 साल और 6 महीने पढ़ाई करनी होती है।
- उसके पश्चात विद्यार्थी योगिक विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में निपुण माना जाता है।
- कॉलेज में दाखिला मिलने के पश्चात आपको सभी सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस डिग्री को पूरा करना है और सर्टिफिकेट हासिल करना है।

### कोर्स करने के फायदे

- विद्यार्थी अपने कैरियर के लिए एक नया विकल्प खोल सकते हैं।
- यह कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों के कैरियर के लिए एक बेहतरीन विकल्प खुल जाता है जिसके जरिए विद्यार्थी अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं।
- बी एन वाई एस कोर्स करने के लिए प्रतिस्पर्धा बहुत कम है यहां जॉब मिलने के चांस भी बढ़ जाते हैं।
- जॉब के अलावा भी विद्यार्थी अपने खुद के करियर के साथ-साथ शारीरिक बीमारियों से छुटकारा पा सकता है।
- इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी सरकारी व प्राइवेट दफ्तर मे जॉब करने के लिए दाखिला ले सकता है।
- इस कोर्स को करने पर आपको योगिक विज्ञान का बहुत ही ज्यादा नॉलेज मिल जाता है।

### कोर्स के बाद नौकरियां

बीएनवाईएस कोर्स करने के बाद विद्यार्थी को नौकरी के लिए कोई चिंता करने की जरूरत नहीं रहती है। क्योंकि यहां बहुत ही कम प्रतिस्पर्धा के साथ अलग-अलग क्षेत्र में आपको अलग-अलग पदों पर नौकरी मिलने की गुंजाइश होती है। साथ ही साथ आप प्राइवेट नौकरी भी कर सकते हैं। बी एन वाई एस सपोर्ट करने के बाद विद्यार्थी नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है

- प्राकृतिक चिकित्सक
- आयुष प्रोफेसर
- पोषण और आहार विशेषज्ञ
- पैराक्लिनिकल एक्सपर्ट
- योगा ट्रेनर
- आयुर्वेद सलाहकार
- आयुष प्रैक्टिशनर
- रिसर्चर

**सैलरी :** बी एन वाई एस डिग्री हासिल कर चुके विद्यार्थी को शुरुआती दौर में दो लाख प्रति वर्ष से लेकर 450000 वार्षिक पैकेज मिल जाता है। उसके पश्चात जैसे-जैसे आप का अनुभव बढ़ता है। आपकी सैलरी में भी इजाफा होता रहता है। आप खुद का योगा केंद्र खोलकर 1000000 से 15 लाख प्रति वर्ष या इससे अधिक भी कमा सकते हैं।

---

# युवा अपनी क्षमता और ऊर्जा का सही उपयोग करें तो राष्ट्र निर्माण में दे सकते हैं बड़ा योगदान



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

युवाओं को किसी भी राष्ट्र की रीढ़ माना जाता है। वे नए विचारों, नवाचार और अद्वितीय ऊर्जा के प्रतीक होते हैं। भारत जैसे युवा देश में, जहां 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है, युवाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि उनकी क्षमता और ऊर्जा को सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो वे राष्ट्र निर्माण में अनमोल योगदान दे सकते हैं। युवा मन नए विचारों और दृष्टिकोण से भरा होता है। उनकी सोच पारंपरिक ढर्रों से हटकर होती है, जो समाज में नई दिशा और बदलाव लाने में सक्षम होती है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल क्रांति, और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर युवा नई और क्रांतिकारी सोच के साथ आगे आते हैं।

## युवाओं का नवाचार समाज को बेहतर बना रहा

नवाचार का अर्थ है नए तरीकों और तकनीकों का विकास और उनका उपयोग। युवा पीढ़ी, तकनीकी विकास और वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दे रही है। स्टार्टअप्स, एआई, बायोटेक्नोलॉजी और अन्य तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं का नवाचार समाज को बेहतर बना रहा है।

1. **स्टार्टअप संस्कृति:** भारत में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। युवा उद्यमी न केवल नए व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं।
2. **डिजिटल इंडिया:** डिजिटल इंडिया पहल के तहत युवा नई तकनीकों का उपयोग कर देश को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहे हैं। यह पहल युवाओं को नए विचार और नवाचार के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। युवाओं की ऊर्जा और उत्साह किसी भी कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अंदर जोश, जुनून और समर्पण होता है, जो किसी भी मुश्किल काम को संभव बना सकता है। यह ऊर्जा उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरित करती है।

1. **सामाजिक सेवा:** युवा विभिन्न सामाजिक सेवाओं में भाग लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। स्वच्छ भारत अभियान, साक्षरता अभियान, और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों में उनकी ऊर्जा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
2. **खेल और स्वास्थ्य:** खेल और शारीरिक गतिविधियां युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाने में मदद करती हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और खेलों में युवाओं की भागीदारी से वे अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व के गुण सीखते हैं।

यद्यपि युवाओं के सामने कई चुनौतियाँ हैं, जैसे बेरोजगारी, शिक्षा की गुणवत्ता और अवसरों की कमी, लेकिन सही मार्गदर्शन और समर्थन से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

1. **शिक्षा और कौशल विकास:** गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के योग्य बनाते हैं।
2. **सरकारी योजनाएं:** विभिन्न सरकारी योजनाएँ जैसे स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और डिजिटल इंडिया युवाओं को नई तकनीकों और व्यावसायिक अवसरों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। युवा किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं। उनकी नई सोच, नवाचार और ऊर्जा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

## भारत एक युवा राष्ट्र

भारत जैसे युवा राष्ट्र में, युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही दिशा और मार्गदर्शन से, युवा न केवल अपने देश का बल्कि पूरी दुनिया का भविष्य संवार सकते हैं। उनके जोश और उत्साह से भरे कदम हमें एक सशक्त, समृद्ध और प्रगतिशील भारत की ओर ले जाएंगे। युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं। वे देश की शक्ति, उर्जा और भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत, जो कि एक युवा राष्ट्र है, जहां 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है, में युवाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि युवाओं की क्षमता और उत्साह को सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो वे राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दे सकते हैं। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के विकास की नींव होती है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के योग्य बनाते हैं। विभिन्न सरकारी योजनाएं जैसे कि स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, और स्टार्टअप इंडिया युवाओं को नई तकनीकों और व्यावसायिक अवसरों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। उद्यमिता का विकास युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें नौकरी देने वाला भी बनाता है। नई सोच, नई तकनीक और नवाचार के माध्यम से युवा भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भारत में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है, जो युवाओं की उद्यमशीलता और नवाचार की भावना को दर्शाती है। युवा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझकर विभिन्न सामाजिक सेवाओं और स्वैच्छिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। वे स्वच्छ भारत अभियान, वृक्षारोपण, साक्षरता अभियान, और डिजिटल साक्षरता जैसे कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सामाजिक सेवा के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और अपनी नेतृत्व क्षमता को विकसित कर सकते हैं।

---

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 13 मई को मामड़िया ठेठर में हुए झगड़े के मामले में गांव निवासी सुशील व मोहित को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया। नांधा में गत 17 मई को मारपीट व धमकी देने के मामले में पुलिस ने गांव निवासी शिवम व भूपेंद्र को गिरफ्तार किया है।

### घर में घुसकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के एक आरोपी को खोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पुलिस बयान में दो लोगों पर उसके घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला का मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने नरेश नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट और धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने परखोतमपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने गत वर्ष 27 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में परखोतमपुर निवासी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

### नौकरी की तलाश में निकला युवक लातपा

**रेवाड़ी।** नौकरी की तलाश में बावल कंपनी के लिए निकला नई आबादी का एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सौरभ ने बताया कि उसका बड़ा भाई हरिओम उर्फ टिंकू 28 मई को उसकी दुकान पर आया था। उसने बताया कि वह बावल में एक कंपनी में नौकरी की बात करने के लिए जा रहा है। शाम के समय उसने बात की तो हरिओम ने बताया कि वह घर आ रहा है। उसके बाद वह घर नहीं आया। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोरी का आरोपी

**जाटूसाना।** पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। जाटूसाना एरिया से 22 मई को एक बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने बाइक के मालिक की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सुरहेली निवासी गूगन को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की ली गई है।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 2 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। कैंप में सभी मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ. रवि राव मेडिसिन, डॉ. अनिल यादव हड्डीरोग, डॉ गौरव यादव सर्जरी, डॉ. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डॉ. सर्वेश यादव नेत्ररोग के मरीजों की जांच करेंगे। शिविर में यूनीक डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन व एक्सरे तथा आस्था लैब की ओर से ब्लड टेस्टिंग की सेवाएं दी जाएगी।

### महिला के गहने लेकर फरार हुए दो युवक

**धारूहेड़ा।** भगतसिंह चौक के निकट एक महिला को सम्मोहित करते हुए दो युवक उसके स्वर्ण आभूषण लेकर फरार हो गए। कस्बे में एक माह में यह दूसरी घटना है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में चांद कॉलोनी निवासी पूजा देवी ने बताया कि वह भगतसिंह चौक से सामान खरीदकर अपने घर जा रही थी। एक मेडिकल स्टोर के पास दो लड़के उसके करीब आए। तुम्हारे बेटे पर संकट है। वह उनकी बातों में आकर सुध-बुध खो बैठी। कुछ ही देर में दोनों उसका सोने का मंगलसूत्र, कानों के टॉप्स और सोने की अंगूठी निकालकर फरार हो गए।

स्वास्थ्य विभाग बीमारियों से निपटने के लिए कर रहा इंतजाम

# बरसात के मौसम में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम रहेगी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की भीड। फोटो : हरिभूमि

मई माह के बाद जून माह की गर्मी भी लोगों को जमकर परेशान करने वाली है। मौसम का लगातार बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है। मौसमी बीमारियों के चलते बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच रहे है। आगामी दिनों में स्वास्थ्य विभाग के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती मलेरिया और डेंगू से निपटने की है। जून माह के अंत में मानसून के आने की भी पूरी संभावना है। बरसात शुरू होने के बाद डेंगू व मलेरिया के रोगों की आशंका बढ़ जाती है, लेकिन प्रति वर्ष स्वास्थ्य विभाग की सख्ती होने पर भी डेंगू के आंकड़े काफी बढ़ जाते है। गत वर्ष जिले में 406 डेंगू व मलेरिया के 9 केस आए थे। इस बार गर्मी ज्यादा होने से अस्पतालों में ओपीडी भी गत वर्ष के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा बढ़ चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी के मौसम में रोगों पर नियंत्रण पाने के प्रयास भी किए जा रहे है। मई माह से ही शहर व गांवों में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए मास फीवर सर्वे किया जा रहा है। इस वर्ष मई माह में 3 डेंगू के केस भी मिल चुके है तथा घरों में लार्वा मिलने पर 50 से अधिक लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है।

**स्वास्थ्य विभाग की तैयारी :** स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के मौसम में विभिन्न रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के दावे किए हैं। विभाग के अधिकारियों के अनुसार डेंगू व मलेरिया पर काबू पाने के लिए विभाग की ओर से सर्वे करके लोगों को डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले के तालाबों में गम्बूजिया मछली छोड़ी गई है तथा गंदे पानी में काला तेल डाला जा रहा है। विभाग की ओर से टीम को घर-घर भेजकर पानी में लार्वा की जांच की जा रही है। मलेरिया की आशंका के चलते स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोगों के संभावित मरीजों की स्लाइड भी तैयार की जा रही है। पॉजीटिव केस पाए जाने की स्थिति में मरीज के आसपास के घरों में फॉगिंग कराई जाएगी।

### यह रखें सावधानियां

खाना खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। गले-सड़े व खुले में रखे फलों के इस्तेमाल से पूरी तरह बचना चाहिए। कूलरों के पानी की सप्ताह में एक बार हर हाल में बदलना चाहिए। नालियों में एकत्रित पानी पर कैरोसिन तेल का छिड़काव करना चाहिए। नाखूनों को काटकर उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। दुकानों पर खुले में रख हुई मिठाईयों के इस्तेमाल से परहेज करना चाहिए। अधिक पके हुए फलों का इस्तेमाल करने से भी पूरी तरह बचना चाहिए। पानी का इस्तेमाल उबालने के बाद ठंडा करके ही करना चाहिए। किसी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

### डेंगू व मलेरिया से निपटने की तैयारी

डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए टीम की ओर से सर्वे किया जा रहा है। लोगों के घरों में फ्रीज की ट्रे, पानी की टंकी व पशु खेल में भरे पानी में लार्वा की जा की जा रही है। अस्पताल में भी मरीजों को सभी सुविधाएं दी जा रही है

-डॉ सुरेन्द्र यादव, सीएमओ



### गर्मी के मौसम में बीमारियों के शिकार होते लोग

गर्मी के मौसम में सर्वाधिक रोगी बुखार, हीट स्ट्रोक, डायरिया व बच्चों में पानी की कमी से संबंधित रहते है। इन रोगों के प्रति एहतिहात नहीं बरतने के कारण लोग गर्मी के मौसम में बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। आगामी दिनों में मानसून दस्तक देने वाला है। मानसून के मौसम में भी बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। मलेरिया और डेंगू मच्छरों का डंक बरसात के मौसम में लोगों को सबसे ज्यादा परेशान करने वाला साबित होता है। मौसम में बदलाव के कारण उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ जाती है। खांसी-जुकाम भी लोगों को जमकर परेशान करता है। मानसून में त्वचा रोग भी बड़ी संख्या में लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लेता है। रोग फैलने का सबसे बड़ा कारण यह रहता है कि लोग कटे हुए व खुले फलों का इस्तेमाल जमकर करते हैं। इन फलों से संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ जाती है। बिना हाथ साफ किए खाना खाने से भी संक्रामक रोग की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। कच्ची बर्फ का इस्तेमाल जहां स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होता है, वहीं नकली शीतल पेय भी लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करते हैं। ऐसे में लोग अगर जरा सी सावधानी बरतें, तो संक्रामक रोगों से काफी हद तक बचा जा सकता है।

### बीमार होने पर डाक्टर की लें तुरंत सलाह

बीमारी की चपेट में आने के बाद खुद ही इलाज करने की बजाय विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर ईलाज कराना चाहिए। मनमर्जी से ली गई दवाईयां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी दवाओं से रिएक्शन का खतरा बना रहता है। लोगों को सबसे बड़ी सावधानी पेयजल को लेकर बरतनी चाहिए। बरसात के मौसम में गंदा पानी लीक पेयजल लाइनों में प्रवेश कर जाता है। इसी पानी की घरों में आपूर्ति पीलिया रोग को बुलाने का काम करती है। ऐसे में बरसात के मौसम में पानी को उबालकर ठंडा करके उसका इस्तेमाल करना चाहिए। लोगों के ऐसे मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### यह हैं बीमारियों के लक्षण

अगर लगातार उल्टी-दस्त लग रहे हों, तो यह डायरिया के लक्षण होते हैं। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। समय पर उपचार नहीं होने के कारण डायरिया घातक साबित हो सकता है। पानी की कमी को दूर करने के लिए मरीज को बार-बार ओआरएस या नमक-चीनी-पानी का घोल देना चाहिए। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं। बुखार के साथ शरीर के जोड़ों में दर्द होने की स्थिति में तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। बरसात के मौसम में शरीर पर फफोले होना त्वचा रोग का परिचायक होता है।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का योगदान अपेक्षितः शंकरदास

- वरिष्ठ प्राध्यापक मोहनलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुंड


रेवाड़ी। जेबीटी अध्यापक का सम्मान करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में शुक्रवार को जेबीटी अध्यापक महेन्द्र सिंह की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक विचारक शंकरदास महाराज ने कहा कि शिक्षक सामाजिक अभियंता होता है, इसलिए शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अपेक्षित रहता है। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने की। युवा चेतना संगठन के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज तथा महासचिव प्रदीप यादव लुहाना ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। जेबीटी हेड सुमित्रा यादव ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई।

सीआरसी सीहा के सभी स्कूलों ने जेबीटी अध्यापक का अभिनंदन किया। कला अध्यापिका लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। स्टाफ सचिव यशपाल आर्य के संचालन में आयोजित समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रह्लाद सिंह ने शाब्दिक अभिनंदन, हरपाल सिंह ने अभिनंदन पत्र तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न उपहार, शॉल, साहित्य व पगड़ी भेंट करके महेन्द्र सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरेश कुमार, लुहाना के पूर्व सरपंच शक्ति सिंह, हेडमास्टर बीरसिंह, राजकुमार, अरविंद, सुनील, रेखा रानी, सुशीला, नीतू देवी, कृष्ण कुमार व अनिल कुमार सहित सभी शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वरिष्ठ प्राध्यापक मोहनलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भीषण गर्मी में सोहना रोड पर छबील लगाकर पिलाया मीठा पानी


रेवाड़ी। धारूहेड़ा में छबील से मीठा पानी पीते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धारूहेड़ा

भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए शुक्रवार को सोहना रोड पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। राज यादव के नेतृत्व में मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की गर्मी में प्यास बुझाई गई। सामाजिक कार्यकताओं की ओर से वाहनों को रोककर सवारियों को पानी पिलाया गया। समाजसेवी कस्बे में रोजाना छबील लगाकर लोगों को गर्मी में राहत देने का कार्य कर रहे है। गर्मी भी अपने पूरे चमर पर आ चुकी है। लोगों को जल्द ही बरसात के आने का इंतजार है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों ने तंबाकू का सेवन न करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

बीकानेर गांव की योग कक्षा में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई गई। योग शिक्षिका ममता सैनी तथा कुमारी सविता के नेतृत्व में आयोजित नियमित योग कक्षा में बच्चे नियमित रूप से योग प्राणायाम का अभ्यास कर रहे हैं। शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित कर सभी बच्चों व युवाओं को तंबाकू उत्पाद के उपयोग न करने की शपथ दिलाकर इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कुमारी भारती, तनीषा, शशि, काजल, खुशबू, पूजा, गुंजन, काजल, दिव्या, भावना, शिवानी, मनीष, बिरेंद्र, पीयूष व संजू सहित अनेक योग साधक उपस्थित थे।

# शिक्षक की पुण्यतिथि पर प्रतिभाशाली विद्यार्थी को किया सम्मानित

- कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापिका राधा रानी ने की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक पाठशाला जीवड़ा में स्व. मास्टर बलबीर सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अध्यापिका राधा रानी ने बताया कि शिक्षक परिवार विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करता है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के विद्यार्थी निलेश व पूजा को प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा शेष सभी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता प्राध्यापक हर्ष कुमार ने विद्यार्थियों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने माता-पिता व बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर अध्यापक मुकेश कुमार, सूबेदार सतबीर सिंह, आंगनबाड़ी शिक्षिका सुशीला, निर्मला देवी, हंसराज, गौरव, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक सज्जन कुमार व एमसी सदस्य रणधीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


रेवाड़ी। चबूतरे पर दाना-पानी का प्रबंध करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# गर्मी में परिंदों के लिए दाने-पानी का प्रबंध कर रही दो बहनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नाहड़

भीषण गर्मी व लू के चलते जहां लोगों के हलक सूख रहे हैं, वहीं पशु पक्षी भी बेहाल हैं। ऐसी भीषण गर्मी में गांव गोरिया निवासी दो वृद्ध सगी बहनें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर रही हैं।

गोरिया निवासी 80 वर्षीय रणबीरों तथा उसकी सगी बहन 70 वर्षीय धनपति पिछले 7 वर्षों से भड़ंगी गोरिया चौराहे के साथ लगे खेत में पति की याद में बनाए गए चबूतरे पर पक्षियों के लिए नियमित दाना-पानी का प्रबंध कर रही हैं। वृद्धा रणबीरों ने बताया कि करीब 7 वर्ष पूर्व उनके पति का स्वर्गवास हो गया था। उनकी याद में बनाए गए चबूतरे पर पक्षियों के लिए सकोरे रखकर नियमित रूप से दाना पानी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने युवाओं से भीषण गर्मी के चलते बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए आगे आने का आह्वान किया है ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों का जीवन बचाया जा सकें।

मतगणना में अब तीन दिन बचे, समर्थक हार-जीत को लेकर चर्चा में मशगूल

# कम हो रहा मतगणना का समय, बढ़ रही समर्थकों की बेचैनी

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

लोकसभा चुनावों के बाद परिणाम आने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। जितना समय कम हो रहा है, प्रत्याशियों के समर्थकों की बेचैनी उतनी ही बढ़ रही है। लाखों की जीत के दावे करने वाले हजारों तक पर पहुंच गए हैं, तो संभावित हार से चिंतित समर्थकों को उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी है।

समर्थक भी अभी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि चुनावी ऊंट किस करवट बैठने वाला है। परिणाम से पहले एग्जिट पोल सर्वे को लेकर भी लोगों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने दो भावी सांसदों का भाग्य ईवीएम में बंद किया हुआ है। कोसली हलके के मतदाताओं ने रोहतक सीट व बावल-रेवाड़ी हलके के मतदाताओं ने गुरूग्राम लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के चयन में भूमिका अदा की हुई है। रोहतक सीट पर मुकाबला कांटा का होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। भाजपा समर्थक जहां डा. अरविंद शर्मा की जीत को लेकर गुणा-भाग के साथ तर्क दे रहे हैं, तो कांग्रेस समर्थक इस बार दीपेंद्र के संसद पहुंचने के दमदार दावे कर रहे हैं। इस बार डा.


दीपेन्द्र हुड्डा


डा. अरविंद शर्मा


राव इंद्रजीत सिंह


राजबब्बर

शर्मा के लिए कोसली में पुराना रिकार्ड दोहराना बहुत मुश्किल नजर आ रहा है। जातिगत समीकरण भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में तो नजर आ रहे हैं, लेकिन गत लोकसभा चुनावों की तरह एकमुश्त वोट मिलने के आसार कम हैं। इस हलके से डा. शर्मा का कम मतों के अंतर से जीतना भी उनकी दूसरी बार संसद पहुंचने की राह का रोड़ा साबित हो सकता है। कोसली में डा. अरविंद शर्मा की जीत का अंतर कम होना ही कांग्रेस समर्थकों के लिए दीपेंद्र की जीत के दावों का आधार बना हुआ है। ग्रामीणों क्षेत्रों में शाम के समय हुक्के की गड़गड़ाहट के साथ ही हार-जीत पर खुलकर चर्चा सुनने को मिल रही है।

### खास समर्थक भी जीत का अंतर मान रहे कम

गुरूग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की जीत को लेकर भले ही उनके खास समर्थकों को संशय नजर नहीं आ रहा हो, परंतु वह इस बार जीत का अंतर कम होने की बात स्वीकारने से पीछे नहीं हट रहे। भाजपा में भीतरघात की आशंका और जातिगत समीकरणों का हिसाब लगाकर राव समर्थक इस बार जीत का अंतर काफी मान रहे हैं, जबकि मतदान से पहले मुकाबले को एकतरफा मानते हुए 4 लाख से अधिक की जीत के दावे किए जा रहे थे।

### कांग्रेस समर्थकों ने नहीं छोड़ी जीत की उम्मीद

साइलेंट वोटरों की मतदान के बाद भी चुप्पी नहीं टूटने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर की जीत की उम्मीद समर्थकों ने नहीं छोड़ी है। उनके समर्थक हर हलके के हिसाब-किताब सोशल मीडिया पर प्रस्तुत करते हुए उनकी जीत के दावे कर रहे हैं। यह बात और है कि कांग्रेस समर्थक जीत चंद हजार मतों से ही मानकर चल रहे हैं। कई भाजपा के पुराने कार्यकर्ता इस सीट पर इस बार बड़ी उलटफेर होने की बात भी कर रहे हैं।

### बाल भवन में दस से शुरू होंगी हॉबी क्लासेज

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला बाल कल्याण परिषदकी ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में 10 जून से ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। दो माह तक चलने वाले इस शिविर में बच्चे निःशुल्क म्यूजिक, डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट, कम्प्यूटर, ब्यूटी केयर तथा सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 5 से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे 7 जून तक अपना पंजीकरण 100 रुपये फीस देकर बाल भवन में करा सकते है। उन्होंने बताया कि शिविर का समय बच्चों की इच्छानुसार निर्धारित किया जाएगा। शिविर के प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी सहित बाल भवन कोसली, बावल व धारूहेड़ा में डांस क्लासेज शाम 5 बजे से 7 बजे तक चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बालगृह आस्था कुंज में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।